CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 94 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 20 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# फसल मुआवजा जन अधिकार रैली में गरजे नेता, बोले - किसानों की सांसें चलेंगी या लाश उठेगी

## बैलगाड़ियों पर सवार होकर पहुंचे कलेक्ट्रेट, दर्द और गुस्से के बीच मिला आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में अहिंसा सर्कल के नजदीक किसानों का दर्द शुक्रवार को फसल मुआवजा जन अधिकार आंदोलन के मंच से छलक पड़ा। लगातार अतिवृष्टि और खराब फसलों से टूटा किसान बैलगाड़ियों पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पंहुचा और सरकार से अपनी पीड़ा साझा की। सभा में माहौल भावुक और जोशीला रहा। मंच से नेताओं ने किसानों की तकलीफों को स्वर देते हुए कहा कि अब उनके सामने सिर्फ दो ही रास्ते हैं या तो सरकार उनकी मांगें माने या फिर उनकी लाशें उठानी पड़े।

राष्ट्रीय महासचिव धीरज गुर्जर ने किसानों की दुर्दशा को लेकर कहा कि पूरे राजस्थान में अतिवृष्टि से फसलें चौपट हो चुकी हैं, भीलवाड़ा में हालात यह हैं कि न तो किसानों के घर में अन्न बचा है, न पशुओं के लिए चारा। पिछले साल के 80 करोड़ रुपये का मुआवजा आज तक किसानों के खातों में नहीं पहुंचा और इस साल की गिरदावरी पूरी होने के बावजूद भुगतान का इंतजार जारी है। उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाने, पंचायत परिसीमन में भेदभाव और शहर की खस्ताहाल सड़कों को लेकर भी सरकार को घेरा।












सभा में पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कहा कि राजस्थान की धरती पर किसानों के सपनों का कत्ल हो रहा है। सरकार ने संवेदनाएं खो दी हैं, जबकि किसान अपनी मेहनत का फल पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है, तो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री खुद ऐलान करें कि हर इंच खराबे का मुआवजा दिया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता प्रतापसिंह खाचरियावास ने मंच से चेतावनी दी कि अब याचना नहीं, रण होगा। उन्होंने कहा कि किसानों पर जुल्म बर्दाश्त नहीं होगा। राहुल गांधी आज देश की आवाज बनकर लड़ रहे हैं और यह लड़ाई राहुल गांधी की नहीं बल्कि हिंदुस्तान बनाम बीजेपी की है। वही ,पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि अच्छे दिनों का ढिंढोरा पीटने वाले अब बुरे दिन लेकर आए हैं। वोट चोरी कर सत्ता में आई सरकार किसानों की पुकार सुनने को तैयार नहीं है।

देर शाम तक कांग्रेस नेताओं और जिला प्रशासन के बीच वार्ता का दौर चला। एसडीएम अक्षत कुमार सिंह ने राज्य सरकार से बातचीत के बाद किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर सहमति की जानकारी दी है। पिछले साल खरीफ फसल में हुए खराबे के लिए 1 लाख से अधिक किसानों को अगले सात दिन में 60 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। इस साल की अतिवृष्टि से हुए नुकसान की गिरदावरी पूरी कर समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जिले के 115 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 60 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि छूटे हुए स्कूलों के लिए एसएमसी की रिपोर्ट और फोटो के आधार पर राशि मंजूर होगी। पंचायत परिसीमन में जनता की आपत्तियों को सुना जाएगा और न्यायालय के आदेशों की पालना होगी। भीलवाड़ा शहर में नाले, सीवरेज और सड़क निर्माण से उपजी अव्यवस्था को दूर करने के लिए छह नए नाले बनाए जाएंगे और कोठारी नदी से एक नाले को जोड़ने का कार्य जल्द पूरा होगा। जलभराव की समस्या को हल करने के लिए आईआईटी खड़गपुर की टीम से सर्वे कराया जाएगा। बिजली के स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की सहमति के बिना नहीं लगाए जाएंगे। सभा में जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर आश्वासन पर अमल नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भीड़ में बैठे किसानों की आंखों में उम्मीद की हल्की चमक तो थी, लेकिन दर्द भी साफ झलक रहा था । वह दर्द, जो सालों से उनकी फसलों और जीवन पर भारी पड़ रहा है।


---

# दो घंटे में बिजोलिया में 100 मिमी बारिश, मेनाल और भड़क्या माता झरना बने आकर्षण, नाले में फंसी वैन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

दो सप्ताह के अंतराल के बाद मानसून ने शुक्रवार को एक बार फिर जोर पकड़ लिया। सुबह हुई करीब दो घंटे की झमाझम बारिश में 100 मिमी करीब 4 इंच पानी दर्ज किया गया। बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं नगर की सफाई व्यवस्था की पोल भी खोल दी। जगह-जगह नालों का गंदा पानी सड़कों पर बह निकला और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। जिससे अस्पताल मार्ग में 3-4 फिट पानी भर गया । यहाँ कारो का आधा हिस्सा पानी में डूब गया । सब्जी मंडी में दुकानों में पानी घुस गया ।


इधर , थडोदा रोड पर बारिश में एक बड़ा हादसा होने से बच गया। बिजौलिया निवासी दीपू जैन अपनी मारुति वैन से थडोदा से बिजौलिया लौट रहा थे। रास्ते में अचानक पानी से भरे एक नाले में उनकी वैन बुरी तरह फंस गई। देखते ही देखते गाड़ी आधी से ज्यादा पानी में डूब गई और अंदर पानी भरने लगा। जैन इसके बाद तुरंत खतरे को देखते हुए दरवाजा खोलकर गाड़ी की छत पर चढ़ गया और अपनी जान बचाई। इस दौरान ग्रामीणों की सूचना पर कार मिस्त्री पिंटू तुरंत मौके पर पहुंचे और वैन और चालक दीपू सुरक्षित को बाहर निकाला।



भड़क्या माता जी झरना

लगभग 20 दिन बाद हुई बारिश से क्षेत्र के बंद पड़े जलप्रपातों में भी रौनक लौट आई है। विश्वविख्यात मेनाल जलप्रपात अपने पूरे यौवन पर बहने लगा है। मेनाल में करीब 150 फीट गहरी घाटी में गिरती तेज जलधारा का रोमांचकारी नजारा सैलानियों को आकर्षित कर रहा है।

इसके साथ ही भड़क्या माताजी का झरना भी बारिश के बाद पूरे वेग से बहने लगा है। यहां उमड़ती जलधारा और हरी-भरी घाटी का सुंदर संगम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



मेनाल झरना



अस्पताल मार्ग पर भरा पानी



नाले में फंसी वैन को बाहर निकालते हुए

# प्रेमिका से आहत कनिष्ठ लिपिक ने सुसाइड किया, सुसाइड नोट में लिखी पीड़ा-दो पर केस दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

शहर में तैनात एक कनिष्ठ लिपिक ने प्रेम संबंधों से आहत होकर शुक्रवार सुबह सिविल लाइंस स्थित अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक ने पीछे छोड़े सुसाइड नोट में प्रेमिका और उसके साथी पर छल और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

नयापुरा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान अलवर निवासी प्रकाश स्वामी (28) के रूप में हुई। वह 2020 से कोटा में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत था और इस समय एडीएम सिटी कार्यालय में पदस्थापित था। शुक्रवार सुबह छत पर टहल रहे एक कर्मचारी ने खिड़की से कमरे के अंदर उसका शव लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और कमरे से सुसाइड नोट बरामद किया तथा परिजनों को खबर दी। दोपहर में परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कर शव उन्हें सौंपा गया।

परिजनों ने बताया कि प्रकाश लंबे समय से ममता नामक युवती के साथ लिव-इन में रह रहा था। ममता अलवर की रहने वाली है और कोटा में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। प्रकाश ने उसकी पढ़ाई में भी सहयोग किया था। रिश्तेदार जगदीश के



मुताबिक, 2024 में ममता को गुजरात में जीएसटी इंस्पेक्टर की नौकरी मिल गई। नौकरी लगने के बाद उसने प्रकाश से दूरी बना ली और विष्णु शर्मा नामक एक अन्य इंस्पेक्टर के संपर्क में आ गई। प्रकाश पर आरोप है कि ममता और उसका साथी उसे लगातार तंग कर रहे थे, जिससे वह मानसिक तनाव में था।

सुसाइड नोट में प्रकाश ने लिखा, मैं होश हवास में कह रहा हूं कि मैं प्यार के चक्कर में भटक-भटककर मर रहा हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार वही लोग हैं, जिन्होंने मेरा इस्तेमाल किया और फिर छोड़ दिया। उन्होंने मुझे चाय का कप समझा, काम खत्म होने पर फेंक दिया। मैं अपने परिवार का सहारा था, उन्होंने यह छीन लिया। इन सबको सजा मिलनी चाहिए। गुडबाय एवरीवनज

घटना के समय प्रकाश के छोटे भाई गोपाल और बहन सरकारी भर्ती परीक्षा देने बाहर गए हुए थे, जिससे वह घर पर अकेला था। पुलिस ने सुसाइड नोट और परिजनों के बयान के आधार पर ममता और विष्णु शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

CMYK

# बेड़च नदी में नहाने गए दो युवक गहरे पानी में बहे , एक सुरक्षित-दूसरे की तलाश जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। बड़लियास क्षेत्र में चंवरा के बालाजी के पास बह रही बेड़च नदी में शुक्रवार को नहाने गए दो युवक गहरे पानी में बह गए। इनमें से एक तो किसी तरह बाहर निकल आया, जबकि दूसरा युवक लापता हो गया। देर रात तक उसकी तलाश जारी रही।

बरूदनी चौकी के कांस्टेबल मीठालाल ने बताया कि समेलिया निवासी गोपाल कीर अपने दोस्त उदल (20) पुत्र रमेश कीर, निवासी कचौलिया के साथ ननिहाल रामनगर, माताजी का खेड़ा आया हुआ था। दोनों शुक्रवार को बेड़च नदी में नहाने गए थे। नहाते समय वे गहरे पानी में चले गए। गोपाल तो तैरकर बाहर निकल आया, लेकिन उदल पानी में डूब गया।





घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंच गए और स्थानीय स्तर पर खोजबीन शुरू की। जानकारी मिलने पर बिगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान भी मौके पर पहुंचे। मांडलगढ़ से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, जिसने स्थानीय गोताखोरों के साथ देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया।

गहरा पानी और अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रोकना पड़ा। शनिवार सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया जाएगा।

## जहाजपुर-त्रिवेणी राज्य मार्ग 134 पर हादसा, बाल-बाल बचे चालक व खलासी



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

जहाजपुर-त्रिवेणी राज्य मार्ग 134 पर धामनिया के निकट शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। टाइल्स से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक व खलासी को मामूली चोटें आईं, गनीमत रही कि उस समय सड़क पर कोई अन्य वाहन नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर राजमार्ग पर बने गहरे खड्डों को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में इसी मार्ग पर कई दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द ही खड्डों की मरम्मत कर सड़क को सुगम बनाने की मांग की है ।

# बारिश से गर्मी व उमस से राहत मिली

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- कस्बे सहित आसपास के गांवों में शुक्रवार सुबह हुई बारिश ने लोगों को गर्मी व उमस से राहत दिलाई, वही उड़द, मूंग की कटाई कर रहे किसानों को परेशानी उठानी पड़ी । क्षेत्र में सुबह करीब 9 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ, जो



पौन घंटे तक चला, मध्यम गति की बारिश होने से गांव की गलियों में पानी बहने लगा । खेतों में उड़द मूंग की फसल की कटाई की जा रही है, बारिश से फसल गीली हो गई इसे लेकर किसान चिंतित नजर आए, हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने से मौसम साफ हो गया ।

## जालिया में जिंदल सॉ की ब्लास्टिंग पर जिला प्रशासन की सख्ती, अस्थायी रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जालिया गांव में जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा हो रही अवैध ब्लास्टिंग और खनन गतिविधियों पर किसानों के विरोध के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। जिला कलेक्टर के आदेश पर खनिज विभाग ने खनन पट्टा संख्या 627 में सभी ब्लास्टिंग कार्यों को अस्थायी रूप से रोकने के निर्देश जारी किए हैं। किसानों ने कलेक्टर और सांसद को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि कंपनी डीजीएमएस और न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन कर भारी मात्रा में बारूद और बड़े व्यास की ड्रिलिंग से ब्लास्टिंग कर रही है। इससे कई मकानों में दरारें आ गई और खेतों में बड़े पत्थर गिरने से जानमाल का खतरा पैदा हो गया। खनिज विभाग ने बताया है कि ब्लास्टिंग पर रोक तत्काल प्रभाव से लागू की गई है और जांच पूरी होने तक कंपनी को कोई गतिविधि नहीं करने दी जाएगी। उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई होगी। किसानों ने कहा कि यह कदम अस्थायी राहत है, लेकिन वे स्थायी समाधान की मांग पर अड़िग हैं।

## एसपी धर्मेंद्र यादव ने सुनीता जाट को मेडिकल ऑफिसर बनने पर किया सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास**

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने सुवाणा की सुनीता जाट को मेडिकल ऑफिसर बनने पर सम्मानित किया। उन्होंने गुलदस्ता भेंट कर सुनीता को बधाई दी और उनकी उपलब्धि पर गर्व जताया। सुनीता जाट ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 23वीं रैंक हासिल कर मेडिकल ऑफिसर पद पर चयन पाया है। वह सुवाणा की पहली महिला हैं जिन्हें यह सफलता मिली है। सुनीता स्वर्गीय लहरू लाल जाट की पुत्री और पुलिसकर्मी महेंद्र ( धर्मेंद्र ) राज की बहन हैं। एसपी यादव ने कहा कि सुनीता की मेहनत और उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा है।



## 10 हजार का इनामी वांछित गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को 10 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को पंजाब के भटिंडा जिले के रामपुरा सिटी से पकड़ा ।

पुलिस ने बताया की मोरवाड़ी नासिक निवासी शिवकुमार कामत पिता काली कामत मूल निवासी मधुबनी, बिहार ,गुलाबपुरा के एक मामले में वांछित था। उस पर पोक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था। आरोपी की तलाश राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पंजाब में की जा रही थी। इस दौरान आरोपी को रामपुरा सिटी, भटिण्डा, पंजाब से डिटेन किया जाकर गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई में साइबर सेल के एसआई आशीष मिश्रा, गुलाबपुरा थाना के एसआई पृथ्वीराज, हेड कांस्टेबल मदनलाल, दीपक कुमार, किशोर सिंह, चंद्रपाल सिंह, राधेश्याम, रमेश कुमार, सुरेश चंद्र, दुर्गा प्रसाद, हेमंत सिंह, पिंटू कुमार और जितेंद्र सिंह सहित कई पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## नेराज गुर्जर का वॉलीबॉल में राज्य स्तर पर चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डेलास कनेछन खुर्द विद्यालय की छात्रा नेराज गुर्जर का 14 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ। छात्र नेराज भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। शारीरिक शिक्षक रोहित धाकड़ ने बताया कि राज्य स्तरीय 14 वर्ष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक जोधपुर ओसियां में होगा। इसपर समस्त ग्राम वासियों ने प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शर्मा और समस्त स्टॉफ को बधाई दी। प्रधानाध्यापक शर्मा ने बताया कि विद्यालय के



शारीरिक शिक्षक रोहित धाकड़ एवं छात्राओं की कड़ी मेहनत के कारण विद्यालय ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया।

## हीरा पन्ना मार्केट में रक्तदान शिविर आयोजित, 106 यूनिट रक्त संकलित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भगवान विश्वकर्मा जयंती पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई ने हीरा पन्ना मार्केट समिति के सहयोग से शुक्रवार को मार्केट परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया। राम स्नेही ब्लड बैंक के सहयोग से हुए शिविर में 106 यूनिट रक्त संकलित हुआ। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि ऐसे शिविर जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला इकाई अध्यक्ष पल्लवी लढ़ा ने बताया कि महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम प्रभारी रेखा ईनानी और सरिता अग्रवाल ने बताया कि मौके पर पंजीकरण कर रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र दिए गए। सांवड़ से आए आशाराम मीणा ने पिता के निधन के अगले दिन रक्तदान कर प्रेरणा दी। शिविर में 18 प्रतिभागियों ने पहली बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों और महिला इकाई के कई सदस्य मौजूद रहे।

## अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने जल योजनाओं का निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामचन्द्र राड़ ने शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले की विभिन्न जल योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विजयसिंह पथिक नगर में सुबह की जलापूर्ति व्यवस्था देखी और अधिकारियों को पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

राड़ ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम भूणास की पेयजल योजना और शाहपुरा में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन 250 किलोलीटर क्षमता वाले उच्च जलाशय एवं पाइपलाइन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने गुलाबपुरा, आसींद, मांडलगढ़, गंगापुर, हमीरगढ़, शाहपुरा और जहाजपुर में चल रहे अमृत 2.0 कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।





QUICK BITES

## जिला स्तरीय शतरंज में गर्वित और केशव का राज्य स्तर पर चयन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



रायला में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्ष आयु वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय शाहपुरा के छात्र गर्वित सोमानी और केशव सोमानी ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया। दोनों अब सीकर में होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विद्यालय परिवार ने गर्वित और केशव का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा, व्याख्याता बुद्धि प्रकाश मीणा, वरिष्ठ अध्यापक लोकेश चौधरी, मनीष शर्मा, उमेश जागेटिया, दल प्रभारी श्रीराम आचार्य, पर्वत सिंह कानावत, वरिष्ठ अध्यापिका सुधा चौहान, ललिता धाकड़, मंजू सेन और ज्योति रावत मौजूद रहे।

## भजन संध्याओं में बढ़ती अश्लीलता पर सख्ती की मांग, कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




जिले में धार्मिक भजन संध्याओं के मंचों पर बढ़ती अश्लीलता और अमर्यादित प्रस्तुतियों को रोकने की मांग को लेकर श्री संगीत संस्थान ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। संस्थान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल भक्ति माहौल को बिगाड़ रहे हैं, बल्कि सनातन संस्कृति और नई पीढ़ी पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं।

बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि हाल के दिनों में कई भजन संध्याओं में कुछ नृत्यांगनाएं भजनों पर अश्लील नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। इसके कारण लोग परिवार के साथ कार्यक्रमों में सम्मिलित होने से कतराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नए भजन गायक देवी-देवताओं के भजनों में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जबकि कुछ कॉमेडी कलाकार फूहड़ हास्य प्रस्तुत कर भजन संध्याओं की गरिमा कम कर रहे हैं।

श्री संगीत संस्थान के अध्यक्ष जगदीश जागा ने सुझाव दिया कि ऐसे आयोजनों पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि आयोजकों के लिए पुलिस से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि मंच पर किसी भी तरह की अभद्रता न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्यारचंद सेन, श्यामलाल गुर्जर, नारायण भदाला, प्रेमशंकर जाट, अर्जुन राणा, प्रिया जोशी, रवि पुरी, कैलाश रूपाहेली, अभय सिंह चुण्डावत, कैलाश जीनगर, अमरीश पंवार, अखिलेश व्यास, ओम धर्मावत, राधेश्याम चाष्टा सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गावाहिनी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बिजौलिया को स्वच्छता में बड़ी सौगात, 5.77 करोड़ से बनेगा एसएसटीपी प्लांट

**सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत दी मंजूरी, नगर पालिका के प्रयास रंग लाए**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



स्वच्छ भारत मिशन के तहत बिजौलिया नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। नगर में सीवरेज और सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल के सुरक्षित निस्तारण के लिए सेप्टेज स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एसएसटीपी स्थापित किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए सरकार ने 5 करोड़ 77 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है और निदेशालय द्वारा सीधे कार्य आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। यह पहल नगर की सफाई व्यवस्था को नया आयाम देगी और पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी अहम साबित होगी।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि सरकार ने प्रदेश के नगरीय निकायों से एसएसटीपी की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। बिजौलिया नगर पालिका ने त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना का प्रस्ताव भेजा, जिसे मंजूरी मिल गई। स्वीकृति के बाद संवेदक फर्म ने स्थल पर काम शुरू कर दिया। प्रारंभिक दौर में कुछ अड़चनें आई, लेकिन पुलिस की मदद से माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखते हुए काम आगे बढ़ाया गया।

मंगल ने बताया कि प्लांट के लिए भूमि का आवंटन जिला कलेक्टर भीलवाड़ा द्वारा पिछले वर्ष अक्टूबर में ही कर दिया गया था। यह प्लांट नगर में सेफ्टी टैंकों और सीवरेज से निकलने वाले सेप्टेज का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण करेगा। आधुनिक तकनीक से ट्रीट किया गया कचरा जैविक खाद में बदलेगा, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा और स्वच्छता व्यवस्था भी मजबूत होगी। कस्बावासियों का कहना है कि एसएसटीपी के शुरू होने से नगर में सीवरेज और सेप्टिक टैंकों से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। यह परियोजना सफाई व्यवस्था को नई दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## थलकलां में ग्रामीण सेवा शिविर, लोगों को योजनाओं का मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।




तहसील क्षेत्र की थलकलां ग्राम पंचायत में शुक्रवार को अटल सेवा केंद्र पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। तहसीलदार शैतान सिंह मीणा ने शिविर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टे वितरित किए। उन्होंने विभागवार लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

शिविर में सांवरियालाल पाराशर और गनिया देवी कहार ने बताया कि उन्हें निःशुल्क पशु बीमा योजना का लाभ मिला है, जिससे आकस्मिक दुर्घटनाओं में 40 हजार रुपये तक का वार्षिक बीमा कवर उपलब्ध होगा। सरपंच धर्मीचंद संचेती ने बताया कि पेंशन, बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित कई विभागों की जानकारी दी गई और मौके पर आवेदन भी लिए गए।

इस मौके पर नायब तहसीलदार कैलाश चन्द्र मीणा, सहायक विकास अधिकारी राजकुमार व्यास, पंचायत विकास अधिकारी सुरेंद्र मीणा, गिरदावर प्रकाश मूंदड़ा, पटवारी सना खान, एसएमसी अध्यक्ष घनश्याम पाराशर सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

### थलखुर्द में आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की कि थलखुर्द गांव में खसरा संख्या 293 के आम रास्ते पर प्रभु तेली ने अतिक्रमण कर रखा है। तहसीलदार ने मौके पर अतिक्रमण हटाने और रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए।

### रूपपुरा को राजस्व गांव बनाने की मांग

रूपपुरा गांव के ग्रामीणों ने श्यामलाल कहार के नेतृत्व में ज्ञापन देकर गांव को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि गांव की आबादी 1000 से अधिक है और यहां आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं, इसलिए इसे शीघ्र राजस्व गांव का दर्जा दिया जाए।

## प्रतापपुरा के ग्रामीणों ने विधायक से की पक्की सड़क निर्माण की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के ग्रामीणों ने विधायक डॉ. लाला राम बैरवा को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण की मांग की है । ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि प्रतापपुरा से बोरडा बावरियान तक लगभग 5 किलोमीटर लंबे मार्ग का प्रस्ताव ?230 लाख की अनुमानित लागत से डीएमएफटी योजना अंतर्गत भेजा गया था, लेकिन अभी तक वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि इस प्रस्ताव को जिला से लेकर राज्य और मुख्यमंत्री स्तर तक पहुँचाने हेतु वे सक्रिय पहल करें। साथ ही उन्होंने प्रतापपुरा से गाडरीखेड़ा तक के कच्चे मार्ग को भी पीएमजीएसवाई, आरआईडीएफ या डीएमएफटी जैसी योजनाओं में शामिल कर शीघ्र पक्का सड़क निर्माण कराने का निवेदन किया। उन्होंने बताया कि सड़क न होने के कारण बरसात और आपात स्थिति में आवागमन ठप हो जाता है, स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, किसानों को मंडी तक फसल पहुँचाने में कठिनाई होती है और एम्बुलेंस जैसी आपात सेवाएं समय पर नहीं पहुँच पातीं।

ज्ञापन देते समय शंकर लाल गाडरी, हरनाथ नागावत, नन्द लाल गाडरी, फौज़ खान, भागचंद जाट, विट्ठल शर्मा और बंटू जाट शामिल रहे।

विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे प्रस्ताव को जिला और शीर्ष स्तर तक मजबूती से उठाएंगे और शीघ्र पक्की सड़क की सौगात दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव-देहात का विकास उनकी प्राथमिकता है और हर संभव प्रयास करेंगे कि क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़े।

## सुवाणा में ब्लॉक क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, पीएम श्री मांडल विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय, सुवाणा में आयोजित 17 व 19 वर्ष छात्र वर्ग ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। 17 वर्ष आयु वर्ग की 11 और 19 वर्ष की 9 टीमों ने हिस्सा लिया।

सेमीफाइनल में वीटी इंटरनेशनल स्कूल भीलवाड़ा ने सेंटर डी पब्लिक स्कूल मांडल को 64 रन से हराया, जबकि पीएम श्री मांडल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आटूण को 21 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रधानाचार्य असलम मोहम्मद डायर और विधायक प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और विजेताओं को ट्रॉफियां प्रदान की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा , भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष भंवर खरवास, पंचायत समिति सदस्य नेहपाल सिंह राणावत, मंडल मंत्री गोपालनाथ योगी, विधायक प्रतिनिधि कालू लाल किर, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य प्रभुलाल सुवालका, शाखा पाठक सागर खोईवाल, अरिंजय शर्मा, अरिता कछावा, भावना शर्मा, आरिफ अंसारी व संचालक संदीप सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न, 19 खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिले में प्रतिभाओं का जलवा एक बार फिर देखने को मिला। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं जिला स्तरीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक 14, 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन द्य हुआ। समापन अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग के विजेताओं का सम्मान किया गया। टेबल टेनिस कोच गोपाल माली ने बताया कि प्रतियोगिता में महेश स्पोर्ट्स अकादमी के 19 खिलाड़ियों का विभिन्न आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन रहा और उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

17 वर्ष बालक वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में अविश पाटनी ने चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि दर्श समदानी ने रजत पदक और चैतन्य जैमन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पार्थ समदानी पांचवें स्थान पर रहे। 17 वर्ष बालिका वर्ग में सिमांशी गोयनका ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष बालक वर्ग में वत्सल जोशी ने स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की। जातिनराज श्रीमाली ने रजत पदक, स्नेहिल रांका ने कांस्य पदक और लकी माली ने चौथा स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में कोमल खोईवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर सत्र 2025-26 की चैंपियन बनीं, जबकि मिशेल जैन चौथे स्थान पर रहीं।

14 वर्ष बालक वर्ग में नीरज खोईवाल ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, दक्ष खोईवाल ने रजत, विध्यांश पाटनी ने कांस्य और जहान सिंह ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष बालिका वर्ग में लव्या खोईवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर सत्र की चैंपियनशिप हासिल की। विहाना छाबड़ा को रजत पदक मिला, जबकि स्तुति टेलर पांचवें स्थान पर रहीं।

कोच गोपाल माली ने बताया कि 17 व 19 वर्ष वर्ग में चयनित खिलाड़ी डूंगरपुर में होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जबकि 14 वर्ष वर्ग में चयनित खिलाड़ी जैसलमेर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे।

# पट्टों से लेकर बंटवारे तक, आरोली शिविर में हुआ तत्काल समाधान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**नरेश धाकड़** । उपखंड क्षेत्र के आरोली में शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में लोगों ने जमीन संबंधी विवादों, नामांतरण, पट्टा जारी करने और सरकारी योजनाओं से जुड़ी विभिन्न मांगें रखीं, जिन पर अधिकारियों ने तत्परता से कार्रवाई कर राहत पहुंचाई।

शिविर का नेतृत्व उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने किया। इस दौरान सोहनी पत्नी पूरणमल भील ने अपने पुश्तैनी मकान का पट्टा जारी करने का निवेदन किया। आवेदन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए शिविर प्रभारी ने विकास अधिकारी अशेष शर्मा को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच के बाद पात्र लाभार्थी को मौके पर ही मकान का पट्टा प्रदान किया गया।

इसी तरह, भूमि बंटवारे से जुड़ा मामला भी शिविर में सामने आया। कामा गांव की जमीन के बंटवारे को लेकर मांगी देवी पत्नी भोलुराम, रामकन्या पुत्री शंभुगिरी और ललित कुमार पुत्र रतनलाल ने संयुक्त रूप से लिखित आवेदन दिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शिविर प्रभारी और उपखंड अधिकारी के निर्देशन में तहसीलदार ललित डीडवानिया ने दोनों पक्षों की सहमति से दस्तावेजों की जांच कर मौके पर ही नियमानुसार आदेश पारित किए।

शिविर में आपसी सहमति से 1 भूमि बंटवारे का निपटारा किया गया। इसके अलावा किसान गिरदावरी ऐप के 42 इंस्टॉल, 4 नामांतरण, 4 शुद्धिकरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया और 23 पट्टे पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए।

# कोटड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में ग्रामीण सेवा शिविर में हुआ राजस्व रिकॉर्ड सुधार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**




**दिनेश पारीक** । पंचायत समिति के ग्राम पंचायत ककरोलिया घाटी और कांटी में शुक्रवार को सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे और ग्रामीणों ने सरकारी कार्य पूरे कराए।

ककरोलिया घाटी में नारायणलाल पुत्र रामलाल गुर्जर और भूरी पत्नी नारायणलाल गुर्जर निवासी पंडेरी ने बताया कि उनके खसरा नंबर में नाम गलत दर्ज था। शिविर प्रभारी के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए नाम नारायणलाल पुत्र रामलाल एवं भूरी पत्नी नारायणलाल गुर्जर के रूप में सुधार किया गया।

इसी प्रकार, कांटी में प्रार्थिया सायरी पुत्री लादू गुर्जर निवासी घेवरिया के राजस्व रिकॉर्ड में भी नाम की त्रुटि थी, जिससे उन्हें कई सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम को मौके पर जांच कर रिकॉर्ड सुधारने के निर्देश दिए, और शिविर में ही रिकॉर्ड सही कर राहत प्रदान की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता और सेवा पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में कोटड़ी प्रधान करण सिंह, विकास अधिकारी रामविलास मीणा, कांटी सरपंच रतनलाल बलाई, नायब तहसीलदार भैरूलाल जाट, पटवारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अक्षत, यशांश और हार्दिक का राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायला कस्बे के हैप्पी आवर्स स्कूल में आयोजित 17 वर्षीय जिला स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए जगह बनाई।

विद्यालय के अक्षत कुमार लखारा, यशांश कुमार लखारा और हार्दिक शाह ने अपने बेहतरीन खेल से न केवल व्यक्तिगत वर्ग में चयन हासिल किया, बल्कि टीम वर्ग में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब यह तिकड़ी 30 सितंबर को सीकर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेगी।

अक्षत कुमार लखारा का यह लगातार दूसरा अवसर है जब वे राज्य स्तर पर पहुंच रहे हैं। पिछले वर्ष भी उन्होंने 17 वर्षीय वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व नर्मदापुरम में किया था। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवरात्रि पर जागेश्वर महादेव मंदिर में होगा श्रीरामचरितमानस पाठ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नवरात्रि के अवसर पर कस्बे के जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री 108 रामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम श्री फलाहारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में किया जाएगा, जिसमें नगर और आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार श्रीरामचरितमानस महामंडल की ओर से होने वाले इस अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह 7 बजे 108 पाठक एक साथ मानस के नवाह्न पारायण का पाठ करेंगे। दिन के समय पंडित ओमप्रकाश वैष्णव प्रवचन देंगे। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 1 अक्टूबर को होगी।



नवरात्रि से पूर्व अमावस्या के दिन श्री चारभुजा मंदिर से रामायणजी की शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।

## QUICK BITES

# माणकपुरा में आज आयोजित होगी विशाल भजन संध्या

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक** । उपखंड क्षेत्र के माणकपुरा गांव में शनिवार रात श्री खोड़ा श्याम भगवान के नाम एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर उपस्थित रहेंगे। भजन संध्या में भजन गायक प्यारे लाल गुर्जर, श्रवण सेंधरी, भागचंद गुर्जर और मूलचंद गुर्जर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोहेंगे। इसके अलावा डांसर पूजा राठौड़, लिली कोटा, विजय जांगिड़ सहित अन्य कलाकार भी भक्ति रंग में प्रस्तुति देंगे।

# मातृकुंडिया में आम मेवाड़ सेन समाज की विशेष बैठक आज

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**




मातृकुंडिया कस्बे में आम मेवाड़ सेन समाज की मासिक बैठक शनिवार को आयोजित की जाएगी। समाज के अध्यक्ष प्रहलाद सेन शिंदेसर ने बताया कि अमावस्या के दिन कई जगह नवरात्र प्रारंभ होने के कारण बैठक चतुर्दशी के दिन रखी गई है।

मीडिया प्रवक्ता सत्यनारायण सेन गुरला ने बताया कि इस बैठक में मातृकुंडिया की कार्यकारिणी के साथ-साथ चारों जिला चोकला की सभी कमेटियों के अध्यक्ष, सदस्य और समाजजन शामिल होंगे। बैठक में समाज के विकास और आगामी कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

# भाविप शाखा भोजरास में दो दिवसीय बाल संस्कार शिविर शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भाविप शाखा भोजरास की ओर से छाजेड़ भवन, रुपाहेली कला में शुक्रवार को दो दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। शाखा अध्यक्ष भंवरलाल टेलर की अध्यक्षता में मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मुख्य वक्ता शिक्षाविद जगदीश प्रसाद कुम्हार ने बच्चों में बढ़ती मोबाइल और नशे की लत के दुष्परिणाम बताते हुए खानपान, बड़ों का सम्मान, शिक्षा व खेल के महत्व पर जोर दिया। रतन सिंह गहलोत ने अभिभावकों से बच्चों के समक्ष नशे से दूर रहने और सही मार्गदर्शन की अपील की। सतीश मालपानी ने अनुशासन, स्वच्छता, सेवा और देशप्रेम जैसे मूल्यों पर बच्चों को प्रेरित किया।

शिविर में 103 बच्चों ने देशभक्ति गीत पर नृत्य और मोबाइल के दुष्परिणामों पर नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अशोक अजमेरा, भंवरलाल शर्मा, ओमप्रकाश सोलंकी, मंगल प्रसाद शर्मा, वंदना पाराशर, सरिता सोनी सहित मातृशक्ति और अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन कल्पना मालपानी ने किया।

# सुरास स्कूल के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय हॉकी में चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सावर वैष्णव)।** सुरास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। प्रधानाचार्य अनुपम उपाध्याय ने बताया कि 69वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राहुल बलाई और मीनाक्षी बलाई का चयन हुआ। शारीरिक शिक्षक हरगोविंद जीनगर ने बताया कि दोनों 23 से 27 सितंबर तक पूर्व प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।